भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1464**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने वाली प्रायोगिक परियोजना**

1464. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:

श्री दर्शन सिंह चौधरी:

श्री बिप्लब कुमार देब:

श्री महेश कश्यप:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार की क्या योजना है;

(ख) क्या सरकार का विचार पशु आश्रयों के प्रबंधन में गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) या पशु कल्याण संगठनों को शामिल करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा आवारा मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु प्रायोगिक परियोजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदायों को शामिल करने हेतु तैयार की जा रही प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है और इसके लाभ क्या हैं; और

(घ) आवारा मवेशियों की मौजूदगी या उनके कारण हुई दुर्घटनाओं की सार्वजनिक रिपोर्टिंग के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। सामान्यतया मवेशियों और अन्य पशुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए डीपीआर चरण के दौरान विश्लेषण किए गए कुछ विशेष स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ मवेशी अंडरपास प्रदान किए जाते हैं।

(ख) जी, नहीं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात विनियमन राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ऐसे में पशु आश्रयों के प्रबंधन में गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) या पशु कल्याण संगठनों की भागीदारी संबंधी विषय संबंधित राज्य सरकार का है।

(ग) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा मवेशियों के लिए पशु आश्रय के विकास के लिए 4 परियोजनाओं में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

(घ) सड़क प्रयोक्ताओं के लिए राजमार्ग यात्रा एप्लिकेशन विकसित की गई है, जिसमें राजमार्गों से संबंधित सभी मुद्दों की रिपोर्ट की जा सकती है, एवं इसके एप्लिकेशन पर फोटो/वीडियो अपलोड करने की सुविधा है। यह एप्लिकेशन गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

*****